तापमान

भोपाल	23.0°	28.0°
इंदौर	23.0°	27.0°
जबलपुर	24.0°	26.0°
ग्वालियर	26.0°	32.0°
सागर	23.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 255, पृष्ठ 12)
श्रावण, शुक्ल प्रतिपदा संवत् 2083
गुरुवार, 13 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... बड़े तालाब में आज दिखेगा अद्भुत नजारा सैकड़ों ...

व्यापार... सर्राफा बाजार में उछला सोना, चांदी ने भी लगाई बड़ी ...

खेल... कनाडा ओपनः नाओमी ओसाका को हराकर एलेना...

देश-विदेश... गर्मी से बचने उत्तर कोरिया की सरकार ने दी...

खास-खबरें

भारत में 60% से अधिक जंगली एशियाई हाथीः पीएम मोदी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : विश्व हाथी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत में हाथियों के संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दुनिया के 60% से अधिक जंगली एशियाई हाथी भारत में रहते हैं। ये हाथी देश की प्राकृतिक संपदा, जैव विविधता और पारिस्थितिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथियों और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने के लिए देश में 33 हाथी अभयारण्य स्थापित किए गए हैं।

एन चंद्रशेखरन का टाटा संस से इस्तीफा

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबईः टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। हालांकि वह तत्काल पद नहीं छोड़ेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 20 फरवरी 2027 तक है और वह तब तक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। टाटा संस की 18 अगस्त को वार्षिक आम बैठक होने वाली है, ऐसे में उनका इस्तीफा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। एन चंद्रशेखरन वर्ष 2017 से टाटा संस के चेयरमैन हैं।

हिरासत में मौत पर कोर्ट सख्त, सीबीआई जांच के आदेश

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : छत्तीसगढ़ में पुलिस हिरासत के दौरान 34 वर्षीय श्रवण सूर्यवंशी की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाते हुए जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सीबीआई को मामले में नियमित प्राथमिकी दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया।

झारखंड मामले पर चुप नहीं, हिंसा कहीं भी गलतः राहुल गांधी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को झारखंड में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़े मामले पर अपनी चुप्पी के आरोपों को खारिज किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी ने कहा कि हिंसा कहीं भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई के मामलों में सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष छात्रों से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट जवाब चाहता है।

सात लोग घायल, कई के मलबे में फंसे होने की आशंका

मुंबई के घाटकोपर में भूस्खलन, 7 की मौत; 3 घरों पर गिरा पहाड़ का मलबा

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई : मुंबई के घाटकोपर स्थित चिराग नगर में बुधवार सुबह करीब 3:48 बजे भूस्खलन होने से बड़ा हादसा हो गया। पहाड़ी का मलबा तीन घरों पर गिरने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल बताए जा रहे हैं। तीन से चार लोगों के अब भी मलबे में फंसे होने की आशंका है। हादसे के समय ज्यादातर लोग घरों में सो रहे थे। बारिश को भूस्खलन की संभावित वजह बताया जा रहा है। मलबा हटाने और दबे लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, दमकल विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर जुटी हैं।

संकरी गलियों के कारण बचाव अभियान में आ रही परेशानी

कैमरों से तलाशे जा रहे लोग

बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए विशेष पहचान कैमरों का इस्तेमाल कर रहा है। इलाके की गलियां बेहद संकरी हैं, जिसके कारण भारी मशीनें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं।

घायलों का हो रहा इलाज

घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इनमें 18 वर्षीय सोहेल अंसारी के सिर में और 14 वर्षीय मोहम्मद अंसारी की पीठ में चोट बताई गई है। मृतकों के शव अस्पताल भेज दिए गए हैं।

हाथ से हटाया जा रहा मलबा : बचावकर्मी पहले मलबे को तोड़ने वाले उपकरणों से हटाने के बाद बाल्टियों की मदद से उसे बाहर निकाल रहे हैं। संकरी गलियों में एक समय में मुश्किल से एक व्यक्ति ही अंदर जा सकता है। इस वजह से बचाव अभियान में अपेक्षाकृत अधिक समय लग रहा है।

मृतकों के परिवार को 4 लाख की सहायता : मुंबई की महापौर ऋतु तावड़े ने घटनास्थल का दौरा कर बचाव अभियान का जायजा लिया। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। प्रत्येक घायल के इलाज के लिए 50 हजार की सहायता देने की भी बात कही गई है।

बचाव अभियान जारी : प्रशासन की कई टीमें लगातार मलबा हटाने और फंसे लोगों की तलाश में जुटी हैं। महापौर ने सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ बचाव अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालना है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में भरा पानी

बारिश के बाद भूमिगत मार्ग में हुआ जलभराव, हवाई अड्डा प्रबंधन का दावा- 30 मिनट में पानी निकाला, उड़ानों के संचालन पर नहीं पड़ा असर नोएडा। बारिश के बाद नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में जलभराव का वीडियो सामाजिक माध्यमों पर प्रसारित होने के बाद हवाई अड्डा प्रबंधन ने स्थिति स्पष्ट की है। प्रबंधन के अनुसार, बारिश के कारण टर्मिनल और पार्किंग क्षेत्र को जोड़ने वाले भूमिगत मार्ग में पानी भर गया था, लेकिन कर्मचारियों ने करीब 30 मिनट में पानी निकालकर स्थिति सामान्य कर दी। प्रबंधन का दावा है कि जलभराव के कारण हवाई अड्डे के कामकाज या उड़ानों के संचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

मोदी-प्रियंका की बातचीत के बीच खड़गे बोले-

भाई साहब, आप थोड़े बदल गए हैं

- सुप्रिया सुले की बेटी के स्वागत समारोह के बीच पुराना वीडियो चर्चा में, प्रधानमंत्री मोदी और खड़गे के बीच दिखा हल्का-फुल्का अंदाज

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले की बेटी के विवाह स्वागत समारोह में सोमवार को देश की कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियां एक मंच पर नजर आईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेता समारोह में पहुंचे। इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अनौपचारिक बातचीत का एक पुराना वीडियो भी चर्चा में आ गया है। वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच बातचीत होती सुनाई देती है। हालांकि प्रियंका गांधी वीडियो में दिखाई नहीं दे रही हैं। प्रधानमंत्री उन्हें पूछते हैं कि वह कैसी हैं। प्रियंका जवाब देती हैं कि वह ठीक हैं और प्रधानमंत्री का हाल पूछती हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं, 'मैं वैसा ही हूं।' पास खड़े मल्लिकार्जुन खड़गे यह सुनकर मुस्कुराते हैं और हल्के-फुल्के अंदाज में कहते हैं, 'भाई साहब, आप थोड़े बदल गए हैं।' खड़गे की बात पर प्रधानमंत्री मोदी भी मुस्कुराते हुए 'अच्छा' कहते हैं। इसके बाद वहां मौजूद नेताओं के बीच हंसी-मजाक का माहौल बन जाता है।

राज्यसभा में लुंगीवाला टिप्पणी पर विवाद, जॉन और सुष्मिता देव आमने-सामने

नई दिल्ली। राज्यसभा में पहनावे को लेकर की गई कथित लुंगीवाला टिप्पणी पर बुधवार को विवाद गरमा गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद जॉन ब्रिटास ने भारतीय जनता पार्टी की सांसद सुष्मिता देव पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया। ब्रिटास ने कहा कि सोमवार को अपने भाषण के दौरान उन्हें बार-बार लुंगीवाला कहकर संबोधित किया गया। ब्रिटास ने सदन में कहा कि उन्हें भारतीय, दक्षिण भारतीय और मलयाली होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भाषा, संस्कृति, खान-पान और पहनावा उनकी पहचान का हिस्सा हैं।

विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 18वें दिन बुधवार को भी विपक्ष के जोरदार हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सुचारू रूप से नहीं चल सकी। विपक्षी सांसदों ने अपनी मांगों को लेकर सदन में नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। हंगामा बढ़ने पर कार्यवाही पहले दोपहर दो बजे तक, फिर तीन बजे तक स्थगित की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार, 13 अगस्त को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही विपक्षी सांसद सदन के बीचोंबीच पहुंच गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

दिल्ली-पुणे स्पाइसजेट उड़ान में एसी खराब, घुटन से यात्रियों की तबीयत बिगड़ी; उड़ान रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली से पुणे जा रही स्पाइसजेट की उड़ान में मंगलवार रात एयर कंडीशनिंग व्यवस्था खराब होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विमान के भीतर तेज गर्मी और घुटन बढ़ने के बाद 100 से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरने से इनकार कर दिया। यात्रियों के विरोध को देखते हुए पायलट ने उड़ान रद्द कर विमान को वापस पार्किंग क्षेत्र में ला दिया। यह उड़ान रात 9:30 बजे रवाना होनी थी, लेकिन इसे बदलकर रात 11:30 बजे का समय दिया गया था। यात्रियों के विमान में बैठने के बाद ही केबिन में गर्मी और उमस महसूस होने लगी। यात्रियों को उम्मीद थी कि विमान चलने के बाद एयर कंडीशनिंग व्यवस्था काम करने लगेगी, लेकिन करीब 40 से 45 मिनट तक विमान के जमीन पर चलने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। यात्रियों के भारी विरोध के बाद पायलट ने विमान को उड़ान भरने से रोक दिया।

इंडिगो के विमान का इंजन खराब, आपात लैंडिंग

चेन्नई। एयरपोर्ट पर मंगलवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोलकाता से आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट (6ई-723) के बाएं इंजन में खराबी आने के बाद फुल इमरजेंसी घोषित की गई। विमान में 224 लोग सवार थे। लैंडिंग से ठीक पहले पायलट ने इंजन में खराबी महसूस की और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को सूचित किया। इसके बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए आपातकालीन कदम उठाए। रात 11:37 बजे विमान रनवे 25 पर सुरक्षित उतर गया। इसमें सवार सभी 224 यात्री और क्रू मेंबर पूरी तरह सुरक्षित रहे। रात 11:47 बजे फुल इमरजेंसी हटा ली गई। एयरपोर्ट अधिकारियों के मुताबिक, इस घटना के बाद सभी ऑपरेशन सामान्य रहे।

मध्यप्रदेश-गुजरात के औद्योगिक संबंध होंगे मजबूत पीएम मित्र पार्क में 1200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- अरविंद लिमिटेड मध्यप्रदेश में तीन स्थानों पर स्थापित करेगी इकाइयां, युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में अरविंद लिमिटेड के उपाध्यक्ष कुलीन लालभाई से मुलाकात की। इस दौरान कंपनी की ओर से धार स्थित पीएम मित्र पार्क में करीब 1200 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा गया। कंपनी मध्यप्रदेश में तीन स्थानों पर अपनी औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अरविंद लिमिटेड की इकाइयां देवास के पास बरलाई, धार के पीएम मित्र पार्क और इंदौर के बेटमा में स्थापित की जा रही हैं। औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और युवाओं को इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

पीएम मित्र पार्क में निवेश के लिए कंपनी को 105 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। प्रस्तावित निवेश से कपड़ा उत्पादन और इससे जुड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

इंदौर में संचालित पेपकॉन प्राइवेट लिमिटेड के साथ कंपनी के समझौते के तहत हर साल करीब 70 लाख परिधान तैयार किए जाते हैं।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में पानी के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। 90 से अधिक विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्रों में कपड़ा, औषधि और अन्य उद्योगों के लिए साझा जल शोधन एवं पुनः उपयोग व्यवस्था विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया।

सिंहस्थ-2028 में पुलिस, सुरक्षा बल, स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन और आयोजन व्यवस्था के लिए आधुनिक संचार नेटवर्क के इस्तेमाल पर भी चर्चा हुई। इसके तहत सुरक्षित वायरलेस संचार और सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने अरविंद लिमिटेड के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें वर्ष 2027 में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में शामिल होने का न्योता भी दिया।

पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा पर कैश कांड के तीनों आरोप साबित

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में लोकसभा की तीन सदस्यीय जांच समिति ने उनके खिलाफ लगाए गए तीनों आरोप साबित माने हैं। समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में पेश की। रिपोर्ट में सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने, महत्वपूर्ण साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने और जांच के दौरान टालमटोल व भ्रामक स्पष्टीकरण देने के आरोपों को सही पाया गया है। समिति ने नकदी बरामदगी को लेकर वर्मा की ओर से दिए गए स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और टालमटोल वाला माना। जांच समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायाधीश जांच अधिनियम के तहत किया था। समिति की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ने की।

मध्यप्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध

प्राकृतिक दूध से बने पनीर को बढ़ावा देगी सरकार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश सरकार ने एनालॉग पनीर की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक दूध से तैयार होने वाले पनीर और अन्य दुग्ध उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार का जोर दूध उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक उत्पादों के माध्यम से मध्यप्रदेश की अलग पहचान बनाने पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एनालॉग पनीर की बिक्री जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक दूध से तैयार पनीर को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। देश के कुछ अन्य राज्यों में भी एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाए जाने का हवाला देते हुए उन्होंने इसे लेकर सख्त रुख अपनाने की बात कही।

क्या है एनालॉग पनीर : एनालॉग पनीर पारंपरिक दूध से तैयार पनीर से अलग होता है। इसे तैयार करने में दूध के स्थान पर या उसके साथ वनस्पति वसा और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जा सकता है।

विमोचन *'भारतीय गणतंत्र की विजयः मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' पुस्तक का हुआ विमोचन, प्रधानमंत्री ने कोविंद के संघर्ष और सादगी की सराहना की*

प्रधानमंत्री ने कोविंद की आत्मकथा का किया विमोचन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की आत्मकथा 'भारतीय गणतंत्र की विजयः मेरा जीवन, मेरा संघर्ष' का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कोविंद के जीवन, संघर्ष और सादगी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में एक मिसाल कायम की। उन्होंने कहा कि पद से हटने के बाद भी रामनाथ कोविंद देश के लिए लगातार योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी को रामनाथ कोविंद की आत्मकथा पढ़नी चाहिए और उनके अनुभवों से सीखना चाहिए। उनके अनुसार, पुस्तक में कोविंद के व्यक्तिगत जीवन और संघर्षों की कहानी है, लेकिन उनकी सफलता को भारतीय गणतंत्र और लोकतंत्र की सफलता के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

युवावर्ग शॉर्टकट से बचें

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने युवाओं को सोशल मीडिया के दौर में सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कई प्रभावशाली लोग युवाओं को जल्दी सफलता हासिल करने के तरीके बताते हैं, लेकिन हर शॉर्टकट सही रास्ता नहीं होता। उन्होंने रेलवे स्टेशन का उदाहरण देते हुए कहा कि लोग कई बार पुल का इस्तेमाल करने के बजाय पटरियां पार करने का आसान रास्ता चुनते हैं, लेकिन ऐसा शॉर्टकट नुकसान पहुंचा सकता है। इसी तरह जीवन में भी सफलता के लिए सही रास्ते और अनुभव से सीखना जरूरी है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अपनी पसंद के प्रेरणादायी लोगों की आत्मकथाएं पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि दूसरों के जीवन के अनुभवों से सीखकर युवा अपने जीवन में बेहतर निर्णय ले सकते हैं।



कोविंद की सादगी का जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन से जुड़ा एक प्रसंग साझा करते हुए कहा कि रामनाथ कोविंद प्रोटोकॉल के बावजूद उनसे सहजता से बातचीत करते थे। प्रधानमंत्री के विदा होने के समय वह कई बार स्वयं कार के दरवाजे तक उन्हें छोड़ने आते थे। मोदी ने कहा कि उन्होंने कई बार कोविंद से ऐसा नहीं करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने अपनी विनम्रता नहीं छोड़ी।

गांव पहुंचे शिक्षकों के छुए पैर

प्रधानमंत्री ने रामनाथ कोविंद के पैतृक गांव परौंख की यात्रा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद गांव पहुंचने पर कोविंद ने अपने शिक्षकों के पैर छुए, मिट्टी को नमन किया और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके इस व्यवहार ने देश के संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों की सुंदर तस्वीर पेश की।